फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्रीमती द्रोपदा देवी पंवार पत्नि श्री क्षमान सिंह पंवार नि0 वार्ड नं. 12, केशरिंग घाटी देवगढ़ तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 93 / 2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 07.01..2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से जरिये पत्र क्रमांक–सूकाअ / अपील–93 / 2024 / 02 दिनांक 02.01.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रार्थी श्रीमती द्रोपदा देवी पंवार पत्नि श्री क्षमान सिंह पंवार निवासी वार्ड नं. 12 केशरिंग घाटी देवगढ़ तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द के आवेदन को अवलोकन करने पर पाया कि उक्त आवेदन कार्यालय हाजा को नहीं किया गया है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना के संबंध में कोई आवेदन तहसील कार्यालय देवगढ़ को नहीं किया गया है। अतः अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि आप द्वारा चाही गयी वांछित सूचना के संबंध नियमानुसार आवेदन कर वांछित सूचना प्राप्त करे। उक्त अपील को खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी, तहसील देवगढ़ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अप्रीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	